बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक D-87 /छात्रवृत्ति/अ0छा0क0/2018 भोपाल, दिनांक 07.9.18

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,
भोपाल

विषयः—उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं का प्रचार प्रसार किये जाने के संबध में।

सन्दर्भः'—कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा, म0 प्र0 शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल का पत्र क्र. 824/272/आउशि/छा/2018 भोपाल दिनांक 29.08.2018

महोदय,

विषयांन्तर्गत सूच्य है कि कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा, म0 प्र0 शासन, सतपुडा भवन भोपाल से प्राप्त पत्र में दी गयी उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाना है। जिसे सूचना पटल पर चस्पा कराया जाना है तथा दीवार आदि पर स्थायी रूप से पेंट (बाल राइटिंग) से लिखाया जाना है।

अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्तानुसार अपने विभाग में दिये गये निर्देशों को सूचना पटल पर चस्पा एवं दीवार पर स्थाई रूप से पेंटिग करवाकर इसकी फोटो छात्रवृत्ति शाखा , उच्च शिक्षा विभाग के ईमेल heschlor @mp. gov.in पर अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। योजनाओं की प्रति संलग्न है।

संलग्नः—उपरोक्तानुसार

आदेशानुसार
कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पृ0क्रमांक D-88 /छात्रवृत्ति/अ0छा0क0/2018 भोपाल, दिनांक 07.9.18

प्रतिलिपिः—

1. डॉ0 धीरेन्द्र शुक्ला, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा ,म0 प्र0, सतपुड़ा भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. निज सचिव के माध्यम से माननीय कुलपति जी/कुलसचिव जी की ओर सूचनार्थ।
3. वित्त नियंत्रक, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. प्रभारी वेबसाईट सेल, बरकतउल्ला वि0वि0 भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं वि.वि. की वेवसाईट पर आवश्यक रूप से संलग्न छात्र वृत्ति योजनाओं को अपलोड करें।
5. नस्ती।

31.8.18
अधिष्ठाता
छात्र कल्याण
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

O/C

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

छात्र–छात्राओं हेतु आवश्यक सूचनाएँ

विश्वविद्यालय के समस्त विभागो में प्रवेशित छात्र–छात्राओं हेतु म0 प्र0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित निम्नलिखित छात्रवृत्ति योजनाएँ प्रभावशील हैः–

1.गॉव की बेटी योजना

2.प्रतिभा किरण योजना

3.विक्रमादित्य योजना

4.निर्धन छात्र वृत्ति योजना

5.एकीकृत/संस्कृत छात्रवृत्ति

6.पी–एच.डी. शोधर्थियों को शोध छात्रवृत्ति,

7.विगलांग विद्यार्थियों को शोध छात्रवृत्ति

8.निःशक्तजन विद्यार्थियों के लिए कम्पयूटर प्रबंध जीवन निर्वाह भत्ता एवं परिवहन भत्ता।

9.शासकीय खर्च पर विदेश जाने हेतु छात्रवृत्ति योजना

10.मुख्यमंत्री जन कल्याण (शिक्षा प्रोत्साहन) योजना के अन्तर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में निःशुल्क प्रवेश (म0 प्र0 शासन के श्रम विभाग में विद्यार्थी के माता–पिता का असंगठित कर्मकार के रूप में पंजीयन हो)

उपरोक्त योजनाएँ/छात्रवृत्ति के संबंध में प्रवेशित छात्र–छात्राएँ संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

4.9.18

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

कुलसचिव

[illegible] स्मरण–पत्र.

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन,
सतपुडा भवन, भोपाल

क्रमॉक 824/272/आउशि/छा/2018 भोपाल दिनॉक 29-8-18

प्रति,

1– प्राचार्य, समस्त शास./अनुदान प्राप्त अशास./समस्त गैर अनुदान प्राप्त निजी महाविद्यालय (म0प्र0)
2– कुलसचिव,समस्त विश्वविद्यालय (म0प्र0)
3– अधिष्ठाता,समस्त शासकीय/अशासकीय चिकित्सा महाविद्यालय(म0प्र0)
4– प्राचार्य,समस्त तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय (म0प्र0)

विषय–उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं का प्रचार किये जाने बाबत्
संदर्भ–इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 575/272/आउशि/छा.शा./18 दि0 23.06.2018

––0––

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में विद्यार्थियों के हित में विभिन्न योजनाएं का लाभ दिया जा रहा है । संचालित की जा रही है। गांव की बेटी,प्रतिभा किरण, विक्रमादित्य, एकीकृत/संस्कृत छात्रवृत्ति,पी–एच.डी.शोधार्थियों को शोध–छात्रवृत्ति,विकलांग विद्यार्थियों को शोध–छात्रवृत्ति,निःशक्तजन विद्यार्थियों के लिये कम्प्यूटर प्रबंधन जीवन–निर्वाह भत्ता एवं परिवहन भत्ता योजनाएं एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शासकीय खर्च पर उच्च शिक्षा के लिये विदेश जाने हेतु छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के प्रचार–प्रसार की अभी भी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकता है,ताकि संचालित योजनाओं का लाभ छात्र/छात्राओं को अपेक्षा के अनुसार और अधिक प्राप्त हो सके ।

अतः निर्देशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार–प्रसार प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न माध्यमों से करना सुनिश्चित करें , साथ ही महाविद्यालय अपने परिसर में सूचना पटल पर भी अनिवार्य रूप से सभी **योजनाओं को समुचित रूप से चस्पा करायें एवं चस्पा कराये गये सूचना पटल की फोटो खींचकर छात्रवृत्ति शाखा के ई–मेल heschlor@mp.gov.in पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें ।** छात्र/छात्राओं को स्थायी जानकारी हो सके, इसलिये अनिवार्य रूप से महाविद्यालय के परिसर में दीवार आदि पर स्थायी रूप से पेंट (वाल राइटिंग) से लिखाया जाये । जिससे छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति योजनाओं की समुचित जानकारी हो सके ।

29/8/18

(डॉ0 धीरेन्द्र शुक्ला)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा,म0प्र0.

992/R
30/8/18

271/DSW
31.8.18

Asst Cell

DSW

निरतंर––––2